हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 14 अप्रैल 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

4
खेतों में लहलहा रही धान की फसल में ड्रोन से दवाई और यूरिया का छिड़काव



## खबर संक्षेप

### जिले में पोषण ग्राम सभा का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में 8 अप्रैल से पोषण पखवाड़ा आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि पोषण पखवाड़ा अंतर्गत 14 अप्रैल को जिले में सभी ग्राम पंचायत/आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा। जिसमे विभिन्न थीमों पर गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

### अभिसरण क्षेत्र में आने वाली भूमि की खरीद-बिक्री पर रोक

**मालखरौदा।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने आदेश जारी कर खरसिया नया रायपुर रेल लाइन अंतर्गत पढ़ने वाले गांव के जमीनों का खरीदी बिक्री पर पूरी तरीके से रोक लगा दिया है। प्रस्तावित रेलवे लाइन की जानकारी होने के बावजूद कुछ लोग और दलाल बिना किसी वैध अनुमति या कानूनी जांच के ज़मीन के लेन-देन में लिप्त हो जाते हैं। इससे न केवल ग्रामीणों को भविष्य में समस्याओं का सामना करना पड़ता है, बल्कि इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक परियोजना के क्रियान्वयन में भी बाधा उत्पन्न हो सकती है।ऐसे में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने आदेश जारी कर उक्त रेलवे लाइन के अभिसरण क्षेत्र में आने वाली सभी भूमियों की खरीद-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाए जाने का आदेश जारी करने को कहां हैं, जबतक कि अंतिम अधिग्रहण प्रक्रिया पूर्ण न हो जाए और सरकार द्वारा आवश्यक अधिसूचना जारी न की जाए।बता दे उक्त रेलवे लाइन के अभिसरण क्षेत्र में जिले अंतर्गत आने वाली निम्नलिखित नगर एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र की जमीन है अड़भार बुन्देली सकर्री, कारीगाव, चन्देलाडीह अमनदुला सोनादुला सुलोनी प्रमुख गांव है वही मालखरौदा ब्लॉक के ग्राम सकर्रा में रेलवे स्टेशन बनाए जाने की बात कही जा रही है सूची में उस गांव का नाम ही नहीं दिखाई दे रहा है।

### अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट कल करेगा सौरभ का सम्मान

**अकलतरा।** अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के नव नियुक्त अध्यक्ष एवं अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह का सम्मान 15 अप्रैल को राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला में दोपहर 3 बजे किया जाएगा। अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के पदाधिकारीयों के द्वारा सम्मान समारोह में नगर वासियों से शामिल होने का आग्रह किया गया है।

### डॉ. महंत ने विभिन्न विभागों में प्रतिनिधि किया नियुक्त

**सक्ती।** नेता प्रतिपक्ष एवं विधानसभा क्षेत्र सक्ती के विधायक डॉ चरण दास महन्त ने विधानसभा क्षेत्र सक्ती में आमजन की सुविधाएं के लिये विभिन्न विभागों में नए प्रतिनिधियों की नियुक्ति की हैं, जिसमे ग्राम पंचायत किरारी के सरपंच अमित राठौर को जनपद पंचायत से जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रूप नारायण साहू को लोक निर्माण विभाग का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। पहले ये दोनों विभाग में श्याम सुंदर अग्रवाल को प्रतिनिधि बनाया गया था। नगरीय निकाय चुनाव में नगर पालिका परिषद सक्ती के अध्यक्ष पद पर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लडने के कारण एवं कॉग्रेस पार्टी में नहीं होने से रिक्त हुआ था। विभा यादव के स्थान पर सुश्री अलका जायसवाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रतिनिधि, जनपद पंचायत सक्ती के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीतू राय के पति एवं कॉग्रेस नेता ऋषि राय को जनपद पंचायत सक्ती का प्रतिनिधि बनाया गया हैं। जनपद पंचायत में होने वाले बैठकों में डॉ महन्त के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहेंगे। नगर पंचायत बाराद्वार के पूर्व अध्यक्ष विजय सूर्यवंशी को नगर पंचायत बाराद्वार में विधायक प्रतिनिधि नियुक्ति की गई हैं।

### नवनिर्माण के लिए बजट में स्वीकृति, स्टीमेट का हो रहा इंतजार

# पांच दशक पुराने गेमन पुल पर मरम्मत कर चला रहे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर और चांपा शहर के बीच स्थित गेमन पुल काफी पुराना हो चुका है। ब्रिटिशकाल में इस पुल का निर्माण किया गया था। इसके बाद से लगातार मरम्मत कर काम चलाया जा रहा है। पुल के नव निर्माण को लेकर बजट में स्वीकृति हो चुकी है। ऐसे में अभी स्टीमेट भेजने को लेकर इंतजार हो रहा है।

गौरतलब है कि चांपा शहर में हसदेव नदी पर बना गेमन पुल काफी पुराना है। इस पुल का निर्माण 1967 में अंग्रेज शासन काल के दौरान किया गया था। पुल को बने अभी करीब 58 साल हो चुका है। वहीं पुल की स्थिति को देखते हुए सेतु निगम के द्वारा इस पुल के बगल में नया पुल निर्माण को लेकर वर्ष 2022 में 22 करोड का प्रपोजल बनाकर भेजा जा चुका है। वही नए बजट में इसकी स्वीकृत भी मिल चुकी है। इन सबके बावजूद अभी नया स्टीमेट बनाकर नही भेजा गया है। जिसके चलते शहर सहीत क्षेत्र के लोगो को अभी नया पुल बनने के लिए लंबा इंतजार करना पड सकता है। देखा जाए तो जांजगीर जिले के कई क्षेत्रो में अब तक कई जगहों पर नया पुल बन चुका है, लेकिन चाम्पा शहर स्थित गेमन पुल की दशा अब तक नही सुधर पाई है, जिसके चलते समस्या बनी हुई है।



पांच दशक पुराना जर्जर गेमन पुल।

#### कर रहे स्टीमेट तैयार

गेमन पुल नव निर्माण को लेकर 22 करोड़ का स्टीमेट तैयार किया जा रहा है। नए बजट में इसे स्वीकृत किया गया है। जल्द ही इसका स्टीमेट तैयार कर लेंगें।

-आर के वर्मा,
एसडीओ सेतु निगम
जांजगीर-चांपा

#### विधायक भी रख चुके हैं मांग

जर्जर हो चुके गेमन पुल के स्थान पर बगल में ही नया पुल बनाया जाना है, ताकि वाहन चालक समेत अन्य लोगो को आने जाने में काफी परेशानी ना उठानी पडे। इसे लेकर जांजगीर-चाम्पा के विधायक ब्यास कश्यप के द्वारा भी इस मुद्दे को विधान सभा सत्र के दौरान उठाया जा चुका है, लेकिन इसके बाद भी समस्या बनी हुई है।

#### टूटे रेलिंग से हादसों का खतरा

पुल में लगी लोहे की रेलिंग भी कई बार टूट चुकी है। पुल के किनारे लगे रेलिंग भी काफी पुराने हो चुके है, जिसके चलते हादसो की संभावना भी बनी रहती है। जिम्मेदार विभाग के अफसर इस समस्या को लेकर ध्यान नहीं देते है। गेमन पुल पर हादसों के चलते कई लोगो की जान तक चली गई है। पुल के दोनों किनारे के रेलिंग काफी कमजोर हो चुके है। आए दिन किसी न किसी हिस्से की रेलिंग टूटती है इससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

# बीमारी ठीक करने का दावा कर धर्मान्तरण कराने वाले 4 गिरफ्तार

### टीवी और साउंड सिस्टम के साथ प्रचार सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

बीमारी ठीक करने का दावा कर प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने वाले 4 आरोपियों को चाम्पा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, टीवी, साउंड सिस्टम और प्रचार सामग्री बरामद की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चाम्पा के बीडीएम हॉस्पिटल रोड स्थित मोदी काम्प्लेक्स बिल्डिंग के तीसरी मंजिल में कुछ लोगों द्वारा प्रार्थना सभा कराई जा रही थी। इस दौरान आसपास के लोगों को मानसिक रूप से तथा प्रलोभन देकर बीमारी ठीक करने का दावा करते हुए बहला फुसला कर धर्मांतरण कराने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी जेपी गुप्ता के नेतृत्व में एक टीम मौके मौके पर पहुंची। टीम ने आरोपियों को पकड़कर थाना लाया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बीमारी ठीक करने के बहाने से आर्थिक प्रलोभन देकर आसपास से आए ग्रामीणों को धर्मान्तरित करने का अपराध घटित करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, टीवी, साउंड सिस्टम और प्रचार सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने इंदौर मध्य प्रदेश निवासी 40 वर्षीय जैक्सन बिन्नी बिल्फ्रेड, तेलीबांधा रायपुर निवासी 20 वर्षीय योगेश कुमार साहू , इंदौर मध्य प्रदेश निवासी 40 वर्षीय हेतल विनुभाई मेकवान और चाम्पा निवासी 37 वर्षीय अनुसुइया अनंत के विरुद्ध धार्मिक स्वतंत्र्य अधिनियम कि धारा 3, 299 बी एन एस के तहत अपराध पंजीकृत कर विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उल्लेखनीय है कि लाख कोशिशों के बावजूद धर्मांतरण का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब चाम्पा में धर्मांतरण का मामला सामने आया है। बीमारी ठीक करने का दावा कर लम्बे समय से यहां प्रार्थना सभा की आढ़ में धर्मांतरण कराया जा रहा था। बजरंग दल के कार्यकर्ताओ की शिकायत पर पुलिस ने दबीश देकर इस मामले में कार्रवाई की है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# जिस युवक को निर्वस्त्र कर पीटा उसके खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

युवक को निर्वस्त्र कर पिटाई करने के मामले में नया मोड़ आ गया है। मालखरौदा पुलिस ने युवक के खिलाफ नाबालिग लड़की से दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

दरअसल मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़े रबेली में एक युवक की निर्वस्त्र कर पिटाई करने का मामला सामने आया था। सोशल मिडिया में 11 अप्रैल को घटना का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में कुछ लोग युवक को निर्वस्त्र कर पिटाई कर रहे थे। वायरल वीडियो के संबंध में जब मालखरौदा पुलिस ने पतासाजी की तो पता चला कि घटना 8 अप्रैल की थी। युवक की पहचान बासीन निवासी राहुल अंचल के रूप में हुई। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने राहुल के साथ मारपीट कर निर्वस्त्र करने के अपराध में शनिवार 12 अप्रैल को 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इधर रविवार 13 अप्रैल को राहुल अंचल के खिलाफ भी पुलिस ने अपराध दर्ज किया। उसके खिलाफ नाबालिग लड़की से दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। नाबालिक लड़की के परिजनों की रिपोर्ट पर मालखरौदा थाने में अपराध कायम किया गया है। युवक का अभी अस्पताल में उपचार जारी है।

### फर्नेश ब्लास्ट में झूलसे चार मजदूर हैदराबाद रिफर

**चांपा।** प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड में शनिवार को हुए हादसे में झुलसे मजदूरों में से चार की स्थिति गंभीर होने पर रायपुर से हैदराबाद रिफर किया गया है। दरअसल पीआईएल के 15 टन ओल्ड फर्नेश में शनिवार को ब्लास्ट हुआ था। हादसे में 13 मजदूर घायल हुए थे। घायलों को उपचार के लिए रायपुर के नारायणा हॉस्पिटल भेजा गया था। इनमें से चार मजदूरों की स्थिति गंभीर होने के कारण बेहतर उपचार के लिए हैदराबाद रिफर किया गया है। दो मजदूरों को रविवार की सुबह एयर लिफ्ट से हैदराबाद रवाना किया गया। वहीं अन्य दो मजदूरों को सोमवार की सुबह एयर लिफ्ट से हैदराबाद भेजा जाएगा। इधर हादसे की जांच औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारी कर रहे है।

# भाई की हत्या कर मां और सौतेले पिता के साथ मिलकर दफनाई लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

मालखरौदा थाना क्षेत्र के चार पारा में हुए हत्या के मामले का पर्दाफाश हो गया है। छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की हत्या कर मां और सौतेले पिता के साथ मिलकर लाश को दफन कर दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

- मालखरौदा पुलिस ने तीनों को किया गिरफ्तार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चारपारा निवासी संदीप भारती पिता स्व. संतोष भारती के 5 दिसम्बर की रात से लापता होने की सूचना मालखरौदा थाना में दर्ज कराई गई थी। इधर पिछले कुछ दिनों से संदीप की हत्या की चर्चा गांव में होने लगी। गांव के अरविंद भारती की सूचना पर पुलिस की टीम शनिवार 12 अप्रैल को चार पारा पहुंची।

पूछताछ करने पर संदीप के छोटे भाई करण भारती ने हत्या कर लाश को निर्माणाधीन मकान में दफन करने की जानकारी दी।खुदाई कर शव निकलवाकर पुलिस ने करण भारती को हिरासत में लिया। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर करण भारती ने बताया कि संदीप जुआ खेलने के लिए पैसे मांगता था और अक्सर घर में झगड़ा करता था।संदीप ने 5 दिसंबर को उसकी मां सरिता भारती की पैसा नहीं देने पर पिटाई कर दी। इसी बात से नाराज होकर करण ने रात में रॉड से मारकर संदीप की हत्या कर दी। इसके बाद अपनी मां सरिता भारती और सौतेले पिता रंजीत शर्मा उर्फ रंजीत भारती के साथ मिलकर निर्माणाधीन मकान के कमरे में गड्ढा खोद कर शव को दफन कर दिया। मामले में पुलिस ने 28 वर्षीय करण भारती पिता स्व. संतोष भारती, 45 वर्षीय सरिता भारती पति स्व. संतोष भारती, 49 वर्षीय रंजीत शर्मा उर्फ रंजीत भारती पिता देवानंद शर्मा को 13 अप्रैल को धारा 103 (1), 238, 3(5) बी एन एस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।




पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को शिवरीनारायण पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अलग अलग लोगों से लाखों की धोखाधड़ी की थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी प्रशांत उर्फ पप्पू उर्फ प्रशन्न कुमार डहरिया द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। तुस्मा निवासी भरत लाल साहू एवं अन्य लोगो से 15 लाख रूपये की ठगी की रिपोर्ट पुलिस ने 7 मार्च को दर्ज की। अपराध कायम कर पुलिस ने विवेचना में लिया। धोखाधड़ी जैसे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी भास्कर शर्मा द्वारा आरोपी के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी द्वारा हाईकोर्ट छत्तीसगढ़ बिलासपुर में लिपिक एवं प्यून के पद में नौकरी लगाने के नाम पर कई लोगों के साथ ठगी की गई थी। पुलिस ने 13 अप्रैल को आरोपी प्रशांत उर्फ पप्पू उर्फ प्रशन्न कुमार डहरिया को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती, सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 14 अप्रैल सोमवार को दोपहर 2 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का वाचन, डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थित में अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वर्चुअली शामिल होंगे।

# पार्सल वाहन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ में तेज रफ्तार पार्सल वाहन ने सड़क पर पैदल चल रहे अधेड़ को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद वाहन चालक मौके से गाड़ी समेत फरार हो गया। घटना स्थल से 20 किलोमीटर दूर खरौद में वाहन समेत चालक को पकड़ा गया।

**खास बात**

- फरार हुए चालक को 20 किलोमीटर दूर खरौद से पकड़ा

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़ निवासी 58 वर्षीय पूरण दास मानिकपुरी प्रतिदिन की तरह रविवार 13 अप्रैल की सुबह टहलने निकला था। वह मनका दाई मंदिर के पास पहुंचा था कि बिलासपुर की ओर से आ रही सी आर सी कंपनी की पार्सल वाहन ने उसे जोरदार ठक्कर मार दी और उसे रौंदते हुए आगे बढ़ गया। हादसे में पुरनदास मानिकपुरी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद दुगुनी रफ़्तार से वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना स्थल से लगभग 20 किलोमीटर नगर पंचायत खरौद में उसे पकड़ा गया। पुलिस ने वाहन समेत आरोपी चालक को थाने लाया। बहरहाल पुलिस वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।




थाने में खड़ा दुर्घटनाकारित पार्सल वाहन।

### प्रतिनिधि मंडल ने विधायक राघवेंद्र को सौंपा ज्ञापन

# सुपर फास्ट ट्रेनों के स्टापेज एवं पेयजल समस्या को लेकर नागरिकों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा रेलवे स्टेशन में सुपर फास्ट ट्रेनों के स्टापेज एवं गर्मी में होने वाले पेयजल समस्या को देखते हुए प्रतिनिधि मंडल ने विधायक से गुहार लगाई है। इस मामले को लेकर उन्होंने ज्ञापन भी सौंपा है।

रेल संघर्ष समिति के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने नगर में भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल की समस्या के गंभीर होने के पहले ही आवश्यक कदम उठाने हेतु नगर पालिका प्रशासन को निर्देशित करने एवं रेल यात्रियों की सुविधाओं की मांग को लेकर विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या नगर की सबसे बड़ी समस्या है और उसके गंभीर रूप धारण करने से पहले ही सभी लोगों को मिल जुल कर प्रयास कर इसके समाधान हेतु प्रयास करने चाहिए। इस संबंध में पालिका प्रशासन के साथ शीघ्र मीटिंग होना प्रस्तावित है,जिसमें इस समस्या के सारे पहलुओं के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया जाएगा ताकि इस वर्ष लोगों को जल संकट का सामना न करना पड़े।रेल्वे की मांगों पर विधायक ने आश्वस्त किया कि अकलतरा की मांगों खासकर मुंबई मेल एवं आजाद हिंद के स्टॉपेज हेतु लंबा अभियान चलाना होगा जिसके लिए सर्व प्रथम महाप्रबंधक एवं डी आर एम से तारीख लेकर उनसे मुलाकातों का सिलसिला प्रारंभ करना होगा तथा समय समय पर दिल्ली में रेल मंत्रालय तथा रेलवे बोर्ड के अधिकारियों से भी संपर्क करना होगा। शीघ्र ही डी आर एम से तारीख लेकर मुलाकात की जाएगी।उनको इस संबंध में रेल प्रशासन बिलासपुर द्वारा रेल संघर्ष समिति एवं जिला पुलिस एवं प्रशाशन के साथ तीन तीन एग्रीमेंट साइन करने की बात बताने पर उन्होंने कहा कि इस बात को भी अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा।



विधायक को ज्ञापन सौंपते रेल संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

# भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती भाजपा मनाएगी आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय जनता पार्टी पुरे जांजगीर चाम्पा जिला सहित सभी नगर मंडलो मे सोमवार 14 अप्रैल को संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर माल्यार्पण एवं मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम रखा गया है।

मुख्य अतिथि छ.ग. विधानसभा पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल,भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, सोशल मीडिया के प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, नगर मंडल जांजगीर नैला प्रभारी नंद कुमार चौधरी, मंडल प्रभारी अमर सुल्तानिया, भाजपा नगर मंडल जांजगीर नैला अध्यक्ष हितेश यादव उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े एवं कार्यक्रम के जिला संयोजक सहसंयोजक दिनेश राठौर, शिवचमन सिंह ठाकुर व अजीत गढ़वाल ने कार्यकर्ताओ से कार्यक्रम मे शामिल होने की अपील की है।

### डॉ.अंबेडकर जयंती पर बाइक रैली व शोभा यात्रा आज

**चांपा।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव सर्व समाज एकता मंच चांपा परिक्षेत्र द्वारा सोमवार 14 अप्रैल को घठोली चौक से सुबह 11 बजे नगर में अंबेडकर भवन तक बाइक रैली एवं शोभा यात्रा निकाली जाएगी। अंबेडकर भवन में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर इसका समापन किया जाएगा। मंच के सदस्य कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हुए है।

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी केंद्र, तहसील, न्यायालय सहित अस्पताल की मांग

**कोरबा।** ग्राम जल्के में धान खरीदी केंद्र, तहसील कार्यालय, व्यवहार न्यायालय, अस्पताल इन चारों की मांग सुशासन तिहार में ग्राम जल्के निवासी दिनेश जायसवाल द्वारा की गई है। ग्राम जल्के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के 114 ग्राम पंचायत में से सबसे बड़ा पंचायत है। यहां की जनता को राजस्व कार्यों के लिए 30 किलोमीटर का सफर तय करना होता है। राजस्व निरीक्षक मंडल कोरबी के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम के निवासियों को भी फायदा मिलेगा,साथ ही पूरे पोड़ी ब्लॉक में कहीं भी व्यवहार न्यायालय नहीं है यहां के लोगों को कटघोरा तक का सफर तय करना होता है। जिससे काफी परेशानी होती है, जलके में व्यवहार न्यायालय की स्थापना होने से पूरे ब्लॉक के लोगों को फायदा मिलेगा, धान खरीदी केंद्र होने से भी जलके और आस पास के लोगों को फायदा मिलेगा। हॉस्पिटल सुविधा के लिए भी पोड़ी तक का सफर तय करना पड़ता है, जिसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और जलके में हॉस्पिटल हो जाने से भी जल्के और आस पास के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

### बलगी में पोषण पखवाड़ा का हुआ आयोजन



**कोरबा।** आंगनबाड़ी केंद्र बलगीखार-2 में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं एवं बच्चों को पोषण संबंधी जानकारिया दिया गया। सभी जानकारियों में गर्भवती महिलाओं, शिशुवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं एवं नवजात शिशुओं के पोषण को मुख्य बिंदु रखा गया। आंगनबाड़ी में नाटकीय रूप से लोगों को जागरूक किया गया। साथ में कुपोषण से कैसे निजाद पाए इस बात पर जोर दिया गया। आंगनबाड़ी के माध्यम से सरकार की जितनी भी योजनाएं संचालित हैं उन सभी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम गेवरा सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती दीप्ति असाटी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता प्रभा कश्यप, सहायिका नीरा बाई, मितानिन संजू, महिला समूह की महिलाएं, किशोरी बालिकाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण जागरूकता कार्यक्रम



**कोरबा।** केन्द्र सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय द्वारा पोषण पखवाड़ा का 7 वां संस्करण 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देश व कोरबा जिला महिला एवं बाल विकास के मार्गदर्शन में जिले भर में विशेष पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक दिन विभिन्न थीम पर सेक्टर सुपरवाइजर के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केन्द्रों में समुदाय आधारित कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इस क्रम में कोरबा शहरी परियोजना के अंतर्गत सीतामणी सेक्टर के आंगनवाड़ी क्रमांक 1 में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ शिशुवती महिलाओं को भी उनके खान-पान, देखभाल के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान रानी धनराज कुंवर देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. मोर्गे, नर्स माला, सुधा बंसोड़ ने परीक्षण किया।

### लोन रिकवरी के लिए प्रताड़ित करने वाले एजेंट गिरफ्तार

**कोरबा।** माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एजेंटों पर पुलिस में प्रहार करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनो एजेंट महिलाओं को लोन की रकम जमा करने के लिए प्रताड़ति कर रहे थे। जानकारी के अनुसार बता दें कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश कुमार ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के पर्यवेक्षण में जिले में कार्यरत विभिन्न माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के एजेंट द्वारा फ्लोरा मैक्स कंपनी की ठगी की शिकार महिलाओं को लोन रिकवरी के नाम पर धमकाए जाने पर एजेंटों के विरुद्ध सतत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## कर्मचारी के समय तय होने के बाद भी पहुंचते हैं देरी से

# शासकीय विभागों में पंचिंग मशीन की है दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय दफ्तरों में पंचिंग मशीन लगाने की कवायद अभी भी पूरी नहीं हो सकी है। सुबह 10.30 बजे कर्मचारियों के पहुंचने का निर्धारित समय होने के बाद भी अधिकांश कर्मचारी आधे घंटे देरी से पहुंचते हैं। पंचिंग मशीन होने की स्थिति में कर्मचारियों की मनमर्जी से आवाजाही बनी हुई है।

**खास बात**

- कलेक्ट्रेट में ही नजर आती है पंचिंग मशीन

दो माह पूर्व सभी शासकीय दफ्तरों में कर्मचारियों के समय पर उपस्थित होने के लिए कलेक्ट्रेट सहित सभी कार्यालयों में पंचिंग मशीन लगाने के निर्देश जारी किए गए थे। इस निर्देश पर दो माह बाद यह स्थिति है कि कलेक्ट्रेट बिल्डिंग में ही पंचिंग मशीन नजर आती है। जबकि कलेक्ट्रेट परिसर में ही जिला पंचायत, पंचायत समाज कल्याण, उद्योग विभाग, नाप तौल विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, सहकारिता विभाग, शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग संचालित है। इन विभागों की स्थिति देखा जाए तो जिला पंचायत में पंचिंग मशीन है। यही स्थिति पंचायत समाज कल्याण विभाग, पशु चिकित्सा विभाग की भी है। कुछ विभागों में पंचिंग मशीन लगी है जिससे यह नजर आता है कि विभाग में पंचिंग मशीन लगे होने के कारण कर्मचारी समय पर आ रहे हैं लेकिन पंचिंग मशीन की वास्तविकता देखी जाती है तो मशीन बिगड़ी नजर आती है। इससे जाहिर हो रहा है कि विभागों में पंचिंग मशीन या तो लगी नहीं और लगी है तो बिगड़ी पड़ी है। चार बजते ही कर्मचारियों की रवानगी शुरु हो जाती है। अधिकांश कर्मचारी चार बजे से दफ्तर छोड़ना शुरु कर देते हैं।



कार्यालय में लगा पंचिंग मशीन।

**विभाग को अपने खर्च पर लगाना था**

पंचिंग मशीन लगाने की जिम्मेदारी विभाग प्रमुख को दी गई थी। सभी विभागों को स्वयं के खर्च पर पंचिंग मशीन लगाने के निर्देश दिए थे। उसके बावजूद कुछ विभाग प्रमुखों ने रुचि नहीं दिखाई। इनमें लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग प्रमुख रुप से शामिल हैं, जहां मशीन ही नहीं सुधारी गई।

**कलेक्ट्रेट के बाहर दफ्तरों में मशीन ही नहीं लगी**

कलेक्ट्रेट के बाहर शहर के दूसरी क्षेत्रों में चल रहे शासकीय दफ्तरों की स्थिति और उलट है यहां तो मशीन ही नहीं लगी है। ऐसे दफ्तरों में आम लोगों का आना जाना कम होता है लिहाजा कर्मचारी पहुंचते तो समय पर है लेकिन किसी न किसी काम से दफ्तर से नदारद हो जाते हैं। ऐसे विभागों में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, पीएम ग्राम सड़क के अलावा पर्यावरण, मत्स्य विभाग संचालित है। ऐसे विभागों में आम लोगों का आना जाना तो दूर केवल ठेकेदार ही नजर आते हैं। बिगड़े हुए मशीनों का सुधारने का काम ही नहीं किया गया।

# नवविवाहिता ने ससुराल वालों पर लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वैशाली नगर निवासी एक नवविवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने कुसमुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता संजय पाल की पत्नी है, जिसकी शादी 18 फरवरी 2024 को हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। विवाह के कुछ दिन तक सबकुछ सामान्य रहा, परंतु कुछ ही सप्ताह बाद पीड़िता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा।

**खास बात**

- कुसमुंडा थाना में की है लिखित शिकायत, वैशाली नगर की रहने वाली है विवाहिता

आरोप है कि ससुराल पक्ष ने शादी में मिले सामान को लेकर लगातार अपमानित किया और दो लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की। पीड़िता के अनुसार अगस्त 2024 में उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। इसके पश्चात सामाजिक और पारिवारिक बैठकें बुलाकर मामले को सुलझाने की कोशिश की गई, लेकिन ससुराल पक्ष ने समझौते से इनकार कर दिया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसे एक कमरे में बंद करके गला घोंटने की कोशिश की गई तथा बलपूर्वक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया गया। शिकायत में ससुराल पक्ष के सदस्यों अर्जुन लाल यादव, अजय पाल, रूपा यादव, सीमा यादव समेत कुल पांच लोगों के नाम दर्ज हैं। पीड़िता का कहना है कि अब उसे अपने जीवन की सुरक्षा को लेकर डर बना हुआ है। वह न्याय और ससुराल वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग कर रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पीड़िता ने राज्य महिला आयोग और स्थानीय प्रशासन से भी मदद की गुहार लगाई है।

# चोरी के जेवरात खरीदने और गलाने वाला सोनार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एमपी नगर कॉलोनी में कंस्ट्रक्शन ठेकेदार के मकान में हुए लाखों की चोरी के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में चोरी के सोने-चांदी के जेवरात को खरीदने वाला और इन गहनों को गलाने वाला आरोपी भी शामिल है। पुलिस ने चोरी का माल बरामद कर लिया है। चारों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

**खास बातें**

- एमपीनगर के सूने मकान में हुए लाखों की चोरी का मामला
- पुलिस ने आरोपियों से चोरी गए सामान को किया बरामद

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत कंस्ट्रक्शन ठेकेदार सुजीत कुमार के एमपी नगर कॉलोनी के पास एमआईजी 1/139 मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया था। मकान मालिक सुजीत कुमार बाहर गया हुआ था। इसी बीच चोरों ने मौके का फायदा उठाकर मकान में धावा बोला था। जहां चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने-चांदी के बिस्किट, हीरे के जेवरात और 50 हजार रुपए नकद सहित 15 लाख की चोरी कर फरार हो गए थे। यह चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। वहीं घटना की सूचना मिलते पर सिविल लाइन थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जांच पड़ताल के लिए डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया था। आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला गया, जिसमें दो संदिग्ध युवक नजर आए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो आरोपी नितेश साहू और ललित भोई को गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि चोरी के जेवरात सराफा कारोबारी निखिल सोनी को बेचते थे। निखिल इन जेवरातों को अमित काले नामक सोनार से गलवाता था। जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने निखिल और अमित को भी गिरफ्तार कर लिया। वहीं आरोपियों से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया गया है। थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना ने कहा कि पकड़े गए चोर आदतन अपराधी हैं। वे पहले भी दो चोरी की घटनाओं में लिप्त रह चुके हैं। फिलहाल सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड के बाद जेल भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



जब्त जेवरात।


### 34 लीटर कच्ची महुआ शराब सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब विक्रेताओं एवं अवैध धंधा करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि मोतीसागरपारा में समारु सागर व तीन महिलाओं के द्वारा शराब रखकर बिक्री किया जा रहा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम गठीत कर मोतीसागरपारा में घेराबंदी किया। पकड़े गए आरोपियों से कुल 34 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है।

# मालगाड़ी के सामने कूदकर युवक ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र के सरगबुंदिया रेलवे समपार फाटक के पास एक अज्ञात युवक ने मालगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली, मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक घटना शनिवार की दोपहर सरगबुंदिया रेलवे स्टेशन के पास घटी है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र करीब 25 से 27 साल के बीच आंकी जा रही है। लोकों पायलट के मुताबिक युवक पटरी के किनारे चल रहा था। उन्होंने कई बार हॉर्न बजाया और गाड़ी की रफ्तार भी कम की। लेकिन युवक ने अचानक मालगाड़ी के सामने छलांग लगा दी। हादसे के बाद इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी रोकी गई और स्टेशन मास्टर को सूचना दी गई। वहीं घटना की सूचना मिलते रेलवे आरपीएफ पुलिस ने घटना की जानकारी चांपा जीआरपी पुलिस को दी। युवक की पहचान के लिए उरगा थाना पुलिस और गांव के कोटवारों के जरिए मुनादी कराई जा रही है साथ ही व्हाट्सएप ग्रुप्स में भी उसकी फोटो शेयर की जा रही है ताकि मृतक की पहचान करने में आसानी हो। घटना सरगबुंदिया रेलवे स्टेशन के पास घटी है और आगे कार्यवाही के लिए पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा से चांपा रेलवे जीआरपी पुलिस का इंतजार करना पड़ा इसके बाद आगे की कार्रवाई शुरू की गई।



युवक का शव।

# उसलापुर में आरएसआर अपार्टमेंट का शुभारंभ आज





**बिलासपुर।** यदि आप एक सुंदर, सुरक्षित और किफायती घर की तलाश में हैं, तो अब इंतजार खत्म होने वाला है। बाजपेयी बिल्डकॉन इंडिया प्रा. लिमिटेड और ऋतुराज स्टील प्रा. लिमिटेड ला रहे हैं शानदार आवासीय परियोजना – आरएसआर अपार्टमेंट', जो अल्का एवेन्यू उसलापुर रेलवे स्टेशन के पास और 37 मॉल के समीप स्थित है। इस प्रोजेक्ट का भव्य शुभारंभ 14 अप्रैल सोमवार को शाम 7 बजे फीता काटकर स्वदेश रिछारिया के हाथो और भव्य आयोजन के साथ किया जाएगा। यह प्रोजेक्ट स्व. रविशंकर रिछारिया की स्मृति में निर्मित किया गया है, जो इसे एक भावनात्मक और प्रेरणादायक पहल बनाता है। आरएसआर अपार्टमेंट हर आम नागरिक के सपनों का घर हो सकता है। यहां 48 आधुनिक 2 बीएचके फ्लैट्स उपलब्ध हैं, जिसकी कीमत 25 लाख से कम से शुरू है। साथ ही, ग्राहकों को 2.65 लाख तक की सरकारी सब्सिडी का लाभ भी मिल रहा है। परियोजना का सबसे बड़ा आकर्षण इसकी लोकेशन और खुला हरा भरा वातावरण है। भरपूर ओपन स्पेस के साथ यह प्रोजेक्ट निवासियों को खुलापन, हरियाली और स्वच्छ वातावरण प्रदान करता है। नए बिलासपुर रेलवे स्टेशन के रूप में डेवलप होते उसलापुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित यह प्रोजेक्ट बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधाओं से भरपूर है। साथ ही साथ ये शहर के अंदर निर्माणाधीन एकलौती मेगा रेसिडेंशियल सोसाइटी है। इसके अलावा अलका अवेन्यू में विभिन्न साइज के सीमित प्लॉट्स भी उपलब्ध हैं जो 1600, 1760, 1815, 1980, 2520 और 3150 वर्गफुट तक के हैं। हर परिवार अपनी ज़रूरत के अनुसार इसे ले सकते हैं। अलका एवेन्यू की चौड़ी सड़के हरा भरा वातावरण बरबस ही लोगो को अपनी और आकर्षित कर लेता है। जिसकी वजह से आस पास से लोग यहां मॉर्निंग वॉक करना बहुत पसंद करते हैं। बाजपेयी ग्रुप की विश्वसनीयता की गवाही 3000 प्लस संतुष्ट ग्राहक और पूर्व की सफल परियोजनाएं देती हैं। जैसे होटल ईस्ट पार्क, चंद्रा पार्क, पारिजात एक्सटेंशन, सिद्धिविनायक हाइट्स, बाजपेयी चेंबर्स, एचएन बाजपेयी टावर, परिजात हाइट्स, पारिजात कैसल, बाजपेयी कैसल, बाजपेयी पवेलियन, बाजपेयी एम्बेसी, जगन्नाथपुरम, रोहिणी विहार, एबी कैसल, वाइल्ड रिसोर्ट और क्लब रॉयल पार्क आदि हैं।



बिजनेस न्यूज

### एडीआर भवन में अधिकार मित्रों की ली गई बैठक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान ऑफ एक्शन वर्ष 2024-25 के अनुसार माननीय सत्येन्द्र साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशन में कु.डिम्पल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के स्कीम असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सहायता योजना, विषय में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सहायता प्रदान करना एवं उनके अधिकारों के हितों की रक्षा किये जाने के प्रयोजनार्थ 11 अप्रैल को प्राधिकरण के अंतर्गत कार्यरत समस्त अधिकार मित्र (पीएलव्ही) की बैठक ली गई।














भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न
बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी
की जयंती पर समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


भारतीय संविधान के निर्माता
भारत रत्न
बाबा साहेब
डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी
की जयंती पर
समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
संकलनकर्ता
दिनेश थवाईत
हरिभूमि प्रतिनिधि, पामगढ़
मो. 9977237689


भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न
बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी
की जयंती पर
समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संजीव खरे
सरपंच- ग्राम पंचायत हिर्री
जनपद पंचायत पामगढ़
उपसरपंच एवं
समस्त पंचगण ग्रामवासी
ग्राम पंचायत हिर्री


भारतीय संविधान के निर्माता
भारत रत्न
बाबा साहेब
डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी
की जयंती पर
समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
संतोष यादव
सभापति- लोक निर्माण विभाग एवं
जल विभाग, नगर पंचायत राहौद


भारतीय संविधान के निर्माता
भारत रत्न
बाबा साहेब
डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी
की जयंती पर
समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
ग्रामवासी ग्राम पंचायत भिलौनी
श्रीमती रजनी त्रिलोकी कांत
सरपंच- ग्राम पंचायत भिलौनी
जनपद पंचायत पामगढ़


भारतीय संविधान के निर्माता
भारत रत्न
बाबा साहेब
डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी
की जयंती पर
समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
ग्रामवासी ग्राम पंचायत पचरी (हेडसपुर)
अनिल कुमार दिवाकर
सरपंच- ग्राम पंचायत पचरी (हेडसपुर)
जनपद पंचायत पामगढ़


भारतीय संविधान के निर्माता
भारत रत्न
बाबा साहेब
डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी
की जयंती पर
समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्रामवासी
ग्राम पंचायत कमरीद
घासीराम चौहान
सरपंच- ग्राम पंचायत कमरीद
महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा


भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न
बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी
की जयंती पर समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अश्वनी कुर्रे
सभापति, कृषि स्थायी समिति
जनपद पंचायत पामगढ़


भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न
बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी
की जयंती पर समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती विभा मनहर
पूर्व सरपंच
ग्राम पंचायत भुईगांव
डमरू प्रसाद मनहर
पूर्व अध्यक्ष- जनपद पंचायत पामगढ़
पूर्व जिलाध्यक्ष
प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज
जिला जांजगीर चांपा


भारतीय संविधान के निर्माता
भारत रत्न
बाबा साहेब
डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी
की जयंती पर
समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
गुरूदयाल पाटले
जिला मंत्री
भाजपा जिला जांजगीर चाम्पा
समस्त भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र पामगढ़

खबर संक्षेप

## जर्जर विद्युत पोल दे रहा हादसों को आमंत्रण



**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम बसंतपुर के बस स्टैंड चौक पर लगे बहुत पुराना एवं जर्जर विद्युत पोल दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है।

## चौरसिया वेलफेयर सोसायटी का परिचय व विवाह सम्मेलन कल



**चांपा।** चौरसिया वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ द्वारा 15 अप्रेल को राजधानी रायपुर में युवक युवती परिचय एवं विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए अनंत थवाईत ने बताया कि इस आयोजन मे चौरसिया, बरई, थवाईत, तंबोली, पंसारी, महोबिया, कुमरावत आदि नाम से संबोधित किए जाने वाले समाज के सभी घटक उपस्थित रहेंगे। उन्होंने आगे बताया कि इस सम्मेलन मे चौरसिया वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मुख्यमंत्री, विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं विशिष्ट व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने सम्मेलन मे उपस्थित रहने का भरोसा भी दिलाया है। चौरसिया वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ की अगुवाई मे प्रथम बार इस तरह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर छत्तीसगढ़ मे रहने वाले चौरसिया, बरई समाज के लोगों के अलावा देश के विभिन्न क्षेत्रों मे रहने वाले एवं क्षेत्रानुसार संबोधित होने वाले चौरसिया, बरई, थवाईत, तंबोली,कुमरावत, पंसारी महोबिया,मंडल, मोदी, आदि समाज के लोगों मे उत्साह बना हुआ है। अनंत थवाईत ने क्षेत्र के बरई तंबोली समाज के लोगों को रायपुर मे होने वाले इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

## कुलीपोटा हनुमान मंदिर में हवन आज, सहस्त्र धारा कल



**जांजगीर-चांपा।** सिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर (श्रीराम धाम) ग्राम कुलीपोटा में हनुमान जयंती पर हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। दिन भर भीड़ उमड़ी रही । सेवादार खेमुका परिवार द्वारा यहां श्री राम नाम हरि संकीर्तन सप्ताह महायज्ञ 7 से 15 अप्रैल तक आयोजित किया गया है। शनिवार 12 अप्रैल को यहां श्री हनुमान जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। अखण्ड राम नाम सप्ताह में उपस्थित सभी कीर्तन मण्डलियों को आयोजक समिति गायन योग्यता एवं वेशभूषा, प्रस्तुतिकरण के आधार पर पुरस्कृत किया जाता है। ।14 अप्रैल को कीर्तन समापन एवं हवन तथा मंगलवार 15 अप्रैल को सहस्त्रधारा, ब्राह्मण भोज होगा। खेमुका परिवार के विष्णु खेमुका द्वारा 15 अप्रैल को दोपहर 1 बजे भंडारा महाप्रसाद पाने हेतु श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। दूर दूर से भक्त सपरिवार दर्शन एवं हरि संकीर्तन से पुण्य लाभ प्राप्त कर करने यहां पहुंच रहे हैं ।

### निधन

### राधेलाल राठौर



**जांजगीर-चाम्पा।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम कन्हाईबंद के पूर्व सरपंच राधेलाल राठौर का आकस्मिक निधन 67 वर्ष की आयु में रविवार 13 अप्रैल को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा गांधी चौक जांजगीर स्थित श्रीराम आटा चक्की से रानी तालाब स्थित मुक्ति धाम तक निकाला गया। मुखाग्नि उनके मंझले पुत्र युकेश्वर राठौर ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजाति बन्धु, समाज सेवी व जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए। वे स्व. तारकेश्वर राठौर, श्रीमती षष्ठी राठौर व चन्द्रशेखर राठौर (पिंकू) के पिता थे।

### श्रीमती दिलबाई गबेल



**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत आडील की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती दिलबाई गबेल का शनिवार 5 अप्रैल को 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्र राजकुमार, आनंद मोहन गबेल के अलावा नाती पोतो का भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, ग्रामीण एवं सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### पीओएस मशीन में फिंगर प्रिंट मैच नहीं कर पाने के चलते लौटना पड़ रहा वापस

# पीडीएस दुकानों में राशन लेने उपभोक्ता कर रहे मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पीडीएस का राशन पाने के लिए उपभोक्ताओं को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। 35 किलों चांवल लेने के लिए ग्राहकों को दो बार पीओएस मशीन में अंगूठा लगाना पड़ रहा है। फिंगर प्रिंट मैंच नही होने की स्थिती में कई हितग्राहियों एवं बुजुर्गो को राशन भी नहीं मिल पा रहा है।

गौरतलब है कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जांजगीर जिले के 11 लाख 17 हजार 789 परिवारों को सस्ते दामों पर अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं 3 लाख 23 हजार 319 राशन कार्ड धारियों की संख्या है। केन्द्र सरकार के द्वारा ऐसे कार्डधारी जो प्राथमिकता, अंत्योदय, निःशक्त, दिव्यांग ग्राहकों को पांच सालों तक मुफ्त अनाज देने की व्यवस्था बनाई गई है। हांलाकि शक्कर लेने के लिए उपभोक्ताओ को 18 रूपए की राशि खर्च करनी पड़ रही है। शासन की योजना के तहत लोग जब राशन लेने के लिए पीडीएस दुकान पहुंचे है। इस बीच उन्हें कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। खासकर 35 किलो का राशन पाने के लिए उन्हें दो बार अलग अलग अंगूठा का निशान मैच करना पड़ता है। जांजगीर जिले में कुल राशन कार्ड धारी 3 लाख 23 हजार 319 है। इनमें 11 लाख 17 हजार 789 परिवार को हर महीने राशन मिलता है। इनमें 2 लाख 43 हजार 64 प्राथमिकता वाले राशन कार्ड धारी, 28 हजार 867 एपीएल, 48 हजार 440 अंत्योदय, 2 हजार 97 निराश्रित एवं 851 निराश्रित है, जिन्हे हर महीने राशन दिया जाना है। वही राशन पाने के लिए ग्राहको को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। हितग्राही सुबह से ही राशन लेने पीडीएस दुकान पहुंच जाते है। यहां कई बार राशन पाने को लेकर विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। वहीं जिन घरों में बुजुर्ग सदस्य है। वे जब राशन लेने के लिए पीडीएस दुकान जाते है। यहां कई बार उनका फिंगर मशीन से मैच नहीं हो पाता है, जिसके कारण बुजुर्गो को बिना राशन लिए ही बैरंग लौट पड़ रहा है। इस तरह की समस्या कई पीडीएस दुकानों में देखने को मिल रही है। इसी तरह की समस्या जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़, पामगढ़, अकलतरा, बलौदा एवं बम्हनीडीह बलॉक के कई गांवों में देखने को मिल रही है। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों में प्रमुख रुप से चांपा, जांजगीर, अकलतरा, शिवरीनारायण, सारागांव, नरियरा सहित अन्य क्षेत्रों के पीडीएस दुकानों में देखने को मिल राही है। सबसे अधिक परेशानी पीडीएस चावल लेने बुजुर्गों को होती है। अधिक उम्र होने के चलते उनका फिंगर मशीन में मैच नहीं कर पाता। इसके चलते उन्हें बिना राशन लिए बैरंग लौटना पड़ता है।दुकान संचालक भी उन्हें च्वाइस सेंटर जाकर फिंगर प्रिंट अपडेट कराने की बात कहते हुए वापस भेज देते है।



पीडीएस दुकान राशन लेने पहुंची बुजुर्ग महिला।



ड्रोन के माध्यम से खेत का दवाई एवं यूरिया का छिड़काव करती ड्रोन दीदी हेमलता मनहर एवं उपस्थित किसान।

# खेतों में लहलहा रही धान की फसल में ड्रोन से दवाई और यूरिया का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

कृषि क्षेत्र में जिले का राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने वाली पोड़ी राछा की ड्रोन दीदी हेमलता मनहर पलाड़ीकला पहुंची, जहां बिहान की महिलाओं ने स्वागत किया। तत्पश्चात महिला किसानों के साथ खेतों में इस समय लहलहा रही धान की रबी फसल में ड्रोन से दवाई और नैनो यूरिया का छिड़काव किया। इस बीच महिलाओं ने ड्रोन से खेत में दवाई का छिड़काव करने की एक एक बारीकियों को समझते हुए ड्रोन दीदी हेमलता मनहर से ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण भी लीं।

- ड्रोन दीदी से महिलाओं ने ड्रोन से खेत में दवाई का छिड़काव करने की बारीकियों को समझा, ड्रोन चलाने का प्राप्त किया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में स्थानीय जिले के बलौदा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बहेराडीह के पशु सखी श्रीमती पुष्पा यादव भी शामिल हुई। सक्ती जिले के पलाड़ीकला गांव की बिहान की एफएलसीआरपी श्रीमती पुष्पा साहू, सक्रिय महिला श्रीमती पूनम साहू, श्रीमती कुंती साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि क्षेत्र महिलाओं की भागीदारी को लेकर ड्रोन दीदी बनाया है। जिसमें जांजगीर चाम्पा जिले के नवागढ़ ब्लॉक अतर्गत ग्राम पोड़ी राछा की बिहान की दीदी को ड्रोन प्रदान करते हुए उन्हें ड्रोन दीदी बनाई गई है। पलाड़ीकला गांव की कृषि सखी श्रीमती श्यामबाई साहू और पशु सखी श्रीमती कमला साहू ने बताया कि खेती किसानी के काम में महिलाओं की 80 प्रतिशत भागीदारी पहले होती थी लेकिन अब राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने ,लखपति दीदी और ड्रोन दीदी बनाकर शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित किया है। ड्रोन दीदी श्रीमती हेमलता मनहर के ऐतिहासिक कार्य और कृषि में महिलाओं की उत्साह की सराहना एनआरएलएम सक्ती के डीएमएम राजीव श्रीवास, अन्नपूर्णा कसेर, स्मिता सिंह, ऋषि कंवर,गांव के सरपंच रुद्रनारायण साहू, वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव, प्रगतिशील किसान रामनाथ साहू, जानकीनाथ साहू, गुरुवारी साहू, पूजा साहू व ग्रामीणों ने किया है।

# सुशासन तिहार के अंतिम दिन मिले 184 आवेदन



**बहेराडीह।** जाटा पंचायत में सुशासन तिहार के प्रथम चरण में लोगों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रथम चरण के अंतिम दिन 11 अप्रैल को 184 आवेदन प्राप्त हुई।

8 अप्रैल से लेकर 11 अप्रैल तक चलने वाली सुशासन तिहार के प्रथम चरण में कुल 186 आवेदन मिला। जिसमें मात्र 2 ही आवेदन शिकायत से संबंधित है। वहीं सिवनी बलौदा ब्लॉक का सबसे बड़ा पंचायत है। जहाँ सुशासन तिहार को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कोटवार के माध्यम से गांव के गली गली में मुनादी कराया था। जाटा पंचायत भवन में आयोजित शिविर के प्रभारी अधिकारी रामेश्वर सोनन्त ने बताया कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण 8 अप्रैल से शुरू किया गया। शिविर के अंतिम दिन जाटा पंचायत और आश्रित ग्राम बहेराडीह के लोगों ने 184 आवेदन प्रस्तुत किया। इससे पहले मात्र 2 आवेदन मिला था। सुशासन तिहार को सफल बनाने में रोजगार सहायक सूरज दास महंत समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता पाटिल, बिहान की सक्रिय महिला राजकुमारी पाटले, हेमकुमारी यादव, ललिता यादव ,पंच मोहर साय मिरी व जनप्रतिनिधियों का सराहनीय योगदान रहा। शिविर के प्रभारी अधिकारी रामेश्वर सोनन्त ने बताया कि वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने गांव में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि को लेकर 13 अलग अलग विषयों पर आवेदन प्रस्तुत किया है।

# भक्तिमय वातावरण में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



हनुमान जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा निकालते नगरवासी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

हनुमान जयंती के अवसर पर नगर का माहौल भक्तिमय रहा। शनिवार 12 अप्रैल को पंचमुखी हनुमंत देव मंदिर देवानंद तालाब से भव्य शोभायात्रा कीर्तन मंडली के साथ निकाली गई।

नगर के प्रमुख मार्गों से होते शोभायात्रा मंदिर स्थल पहुंची जहां भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती में बड़ी संख्या में नगर महिला पुरुष शामिल हुए। तत्पश्चात भंडारें का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बद्री प्रसाद केसरवानी, पीताम्बर केसरवानी, प्रकाश केसरवानी,बाबा केशरवानी, बसंत पवार, भूपेन्द्र साहू, शत्रु हन साहू,सुख सागर कश्यप, राजकुमार कश्यप, भुवनेश्वर केसरवानी, सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में प्रसाद वितरण किया गया



अकलतरा। थाना रोड वार्ड क्रमांक पांच में स्थित दक्षिणमुखी सिध्द हनुमान मंदिर में, अंजनी पुत्र जन्मोत्सव समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। प्रातः काल से समिति द्वारा प्रसाद व ठंडा पेयजल भक्तों व राहगीरों को वितरण किया गया। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा हनुमान मंदिर में माथा टेक कर क्षेत्र वासियों के लिए खुशहाली की कामना की गई एवं प्रसाद ग्रहण किया गया। कार्यक्रम में भविष्य चन्द्राकर, डा रामायण सिंह,महेश्वर टंडन, राजेश जैन, सुमित अग्रवाल, राजेश चन्द्राकर, श्रीमती पूनम सिंह, श्रीमती मनीषा चन्द्राकर, श्रीमती करूणा चन्द्राकर, मोनू नामदेव, दिनेश दास, राजेश चन्द्राकर, अनिल चन्द्राकर, दीक्षांत चन्द्राकर, रोहित निर्मलकर, भानू श्रीवास, व समस्त वार्डवासी सहयोग रहा।

## दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में परसराम ने जीते तीन गोल्ड मेडल

**अकलतरा।** दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नगर के 72 वर्षीय धावक परसराम गोंड़ ने तीन गोल्ड मेडल जीतकर नगर,जिले एवं राज्य का नाम रोशन किया है।

दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर का खेलो इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक किया गया जिसमें देश भर के 400 से भी ज्यादा प्रतियोगिता प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में नगर के 72 वर्षीय धावक परसराम गोंड़ ने 5 किलोमीटर,3 किलोमीटर एवं 1500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि परसराम गोंड़ सिंचाई विभाग से सेवानिवृत होने के बाद भी खेल प्रतियोगिताओं में निरंतर सक्रिय हैं एवं विगत 10-12 वर्षों में उन्होंने देश के विभिन्न स्थानों में आयोजित मैराथन, हाफ मैराथन एवं अन्य खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर 15 से भी ज्यादा गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। 72 वर्ष की उम्र में सक्रिय रहते हुए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता लेकर मेडल जीतने वाले परसराम गोंड़ क्षेत्र वासियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियो में हर्ष व्याप्त है।



अतिथि के हाथों मेडल प्राप्त करते धावक परसराम।

## सोंठी में पूजा-अर्चना कर भंडारे का आयोजन

चांपा। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीराम भक्त नीलू भाई ठाकुर ने अपने पॉकेट मनी को बचाकर निस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस युवा ने सोठी आश्रम में रह रहे बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों के साथ मिलकर श्रद्धा और भक्ति के साथ हनुमान जी का विधिवत पूजन-अर्चन किया और भव्य भंडारे का आयोजन किया। इस आयोजन का नेतृत्व नीलू भाई ठाकुर ने किया। पूजापाठ के पश्चात भंडारे में आश्रम के सभी बुजुर्गों ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। आश्रम में रहने वाले सभी लोगों ने पूरे मनोयोग से पूजन में भाग लिया और हनुमान जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। यह आयोजन समाज में सेवा और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करता है, विशेष रूप से युवाओं द्वारा इस प्रकार की पहल प्रेरणादायक मानी जा रही है। हनुमान जन्मोत्सव के इस पुनीत अवसर पर की गई यह सेवा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि मानवीय करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी का भी सजीव उदाहरण है।



## वानर सेना ने निकाली शोभा यात्रा



**जांजगीर-चांपा।** श्री हनुमान प्राकट्योत्सव के अवसर पर शुक्रवार 11 अप्रैल से सोमवार 14 अप्रैल तक पुरानी बस्ती सड़क पारा में वानर सेना द्वारा सुंदरकांड, भजन व महाआरती का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान वानर सेना द्वारा शनिवार 12 अप्रैल को पालकी में हनुमान जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में वानर सेना सहित नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### पक्षियों और पशुओं के लिए पीने का पानी और खाने की गई व्यवस्था

# एनसीसी कैडेटों ने लगाए पशु-पक्षी के लिए कृत्रिम घोसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पशु-पक्षी के बचाव एवं पुनर्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1 सीजी एनसीसी बटालियन कोरबा के अंतर्गत शाउमावि क्र 1 जांजगीर ट्रूप क्र 325 के एनसीसी कैडेटों द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी मे विद्यालय परिसर में पक्षियों और छोटे पशुओं के लिए पीने का पानी और खाने की व्यवस्था की गई। स्वनिर्मित घोसले भी पेड़ पर लगाए गए।

विद्यालय परिसर में गिलहरी, गौरैया, कबूतर, तोता सहित अन्य पशु पक्षियों का आगमन होता रहता है जिन्हें पानी एवं अन्न की तलाश रहती है। ऐसे में ये पशु पक्षी निराश न लौटे इसलिए एनसीसी फर्स्ट ऑफिसर दिनेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में कृत्रिम घोसले लगाए गए। दिनेश चतुर्वेदी ने बताया कैडेटों द्वारा कबाड़ सामग्री तेल के टीपे, वेस्ट प्लास्टिक के डिब्बे, पुराने मटके आदि से कृत्रिम घोसले बनाकर पेड़ पर लटकाए गए। शहर के बगीचों एवं शांत वातावरण के क्षेत्रों में इस अभियान का विस्तार भी किया जा रहा है। एनसीसी कैडेटों द्वारा अपने घर की छतों व वृक्षों पर पक्षियों को पीने के पानी और खाने के लिए दाना भी डाला जा रहा है। यह अभियान कैडेटों द्वारा कई सालों से चलाया जा रहा है। कमांडिंग आफिसर कर्नल सेंथिल कुमार एस ने बताया कैडेटों की पशु-पक्षी बचाने की पहल सराहनीय है। भीषण गर्मी में मनुष्य तो अपने पानी की व्यवस्था कर लेता है पर जलस्त्रोतों के सूख जाने के कारण पक्षियों को असमय मौत का शिकार होना पड़ता है। ऐसे में उन्हें बचाना पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक हो जाता है। प्राचार्य बैशाखी पारिया ने बताया कैडेटों के माध्यम से आम लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। यह एक अच्छी पहल है। कैडेट शोभिता, फाल्गुनी, आकांक्षा, श्रेया साव, अवंतिका,स्पृहा ने बताया एनसीसी अधिकारी की प्रेरणा से हम सब पक्षी संरक्षण का अभियान चला रहे हैं। इसकी शुरुआत हमने घर से की। विद्यालय में भी अभियान चलाया गया। इन दौरान नेहा , शालिनी के साथ शिक्षक उपस्थित रहे।



उपस्थित एनसीसी कैडेट एवं शिक्षक-शिक्षिका।

